भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 1565

सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

वित्त मंत्रालय में रिक्तियां

1565. श्री कालिपद सरेन खेरवाल:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्त मंत्रालय में स्वीकृत पदों की संख्या, वर्तमान पदों की संख्या और आरक्षित पदों सहित सभी श्रेणियों में रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2014 से मंत्रालय और उसके विभागों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या, वर्ष-वार और श्रेणी-वार कितनी है; और

(ग) वर्ष 2014 से भर्ती किए गए संविदा कर्मचारियों की संख्या, वर्ष-वार और श्रेणी-वार कितनी है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग) : रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। जब भी रिक्तियां होती हैं उन्हें संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग भर्ती बोर्डों आदि जैसी एजेंसियों के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा पदोन्नतियों के माध्यम से भरा जाता है। वित्त मंत्रालय में भर्तियों और पदोन्नतियों में एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणियों के लिए सरकार की आरक्षण नीति का पालन किया जाता है। कार्य की प्रशासनिक आकस्मिकता, दक्षता, प्रचालनों की मितव्ययिता और अपरिहार्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, सभी अनिवार्य क्रियाविधिक औपचारिकताओं को पूरा किए जाने के पश्चात् संविदागत तैनातियां की जाती हैं।

*****